www.UniversityQuestionPapers.com

# हिंदी (द्वितीय भाषा)

वेळ : 3 तास) प्रश्नपत्रिका : मार्च 2009 (एकूण गुण : 80

सूचना :– शुध्द भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है ।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर पाठ्य पुस्तक के संबंधित पाठों के आधार पर अपने शब्दों में लिखिए ।
प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग पचास–साठ शब्दों में लिखिए : (12)
(1) बाबू हरिदास के ईंटों के पजाबे में मजदूर किस प्रकार काम करते थे ?
(2) जादूगर न लोगों को शराब का चस्का कैसे लगाया ?
(3) पं. जवाहरलालजी ने सांप्रदायिकता और भेदभाव के संदर्भ में क्या कहा है ?
(4) शंकर नौकरी छोड़कर क्यों चला गया ? (5) गायत्री को सच्चे सुख का कौनसा रहस्य मालूम हो गया ?
(6) डॉ. माशेलकर के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए ।

2. (अ) पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : (3)
(1) पापा के मन में किस बात से सदा विरक्ति रही है ? (2) रंगीन ऐनक का आविष्कार किसने किया ?
(3) जाली अजय के घर कितने दिनों का मेहमान था ?
(आ) निम्नलिखित वाक्यों के रिक्त–स्थानों की पूर्ति पाठ्य–पुस्तक के पठित पाठों में आए हुए शब्दों से कीजिए । रिक्त–स्थानपूरक शब्दों को अधोरेखांकित कीजिए और पूर्ण वाक्य लिखिए : (3)
(1) मानो उन्होंने अपने व्यक्तित्व का ..... बच्चों में कर लिया है ।
(2) पापा रोटियों को ..... उसके कटोरे में डाल आए ।
(3) कहावत है कि एक ..... ..... की वजह से राज्य खो जाता है ।
(इ) पठित पाठ के आधार पर यह बताइए कि निम्नलिखित वाक्य किसने और किससे कहे हैं ? उत्तर पूर्ण वाक्य में हो: (2)
(1) "तुम यहाँ मत ठहरो, चले जाओ ।" (2) "चश्मा घर भूल गया; पढ़ नहीं सकता ।"
(ई) पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित विधान के साथ दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प जोड़कर वाक्य फिर से लिखिए: (2)
(1) जो–जो हिदायतें चिट्ठियों में लिखी रहती हैं उनका ......... ।
(य) संपूर्ण पालन करते हैं (र) अंशतः पालन करते हैं (ल) अक्षरशः पालन करते हैं
(2) माशेलकर जी की वत्सल माता ......... ।
(य) पुत्रप्रेमी थी (र) देशप्रेमी थी (ल) शिक्षाप्रेमी थी

3. (क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर पाठ्य –पुस्तक की पठित कविताओं के आधार पर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग पचास–साठ शब्दों में हो : (9)
(1) बडे और बड़प्पन के संदर्भ में बिहारी ने क्या कहा ? (2) जन्मभूमी से दूर आकर शहीदों ने क्या किया ?
(3) कवि डॉ. महेंद्र भटनागर हम भारतीयों की क्या–विशेषताएँ बताते हैं ?
(4) सुभद्राकुमारी चौहान ने अपनी बालिका का परिचय किस तरह दिया है ?
(5) मकई के दाने किसान के घर क्यों जाना चाहते हैं ?
(ख) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर पाठ्य–पुस्तक की पठित कविताओं के आधार पर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : (5)
(1) बालक श्रीकृष्ण को किसने खिझाया ? (2) राष्ट्रसंत तुकडोजी जीवन का खिलाड़ी किसे मानते हैं ?
(3) यशोधरा अपने मन से क्या विनती करती है ? (4) बालिका किसकी सुधाधार है ?
(5) धरती अपने हाथ फैलाकर किससे पानी माँग रही है ?
(ग) पठित कविताओं के आधार पर निम्निलिखित वाक्यों के रिक्त–स्थानों की पूर्ति करके वाक्य फिर से लिखिए । रिक्त–स्थानपूरक शब्दों को रेखांकित कीजिए : (4)
(1) यद्यपि हो विद्वान या .... कर्म न उसका सच्चा है। (2) लोभ न था, जब ..... न यह था; सुन अब स्वागत मेरी
(3) अलग अलग बहने वाली, ये ...... मिल जाएँ । (4) शाही शान ........ ....... की है, मनोकामना मतवाली

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नो के उत्तर पूरक पठन की कथाओं के आधार पर लिखिए ।
प्रत्येक उत्तर लगभग साठ शब्दों में हो : (8)
(1) युवक हंस ने कौए को किस प्रकार सबक सिखाया ? (2) राज को किस बात का अभिमान था ? क्यों ?
(3) दाना गेहूँ का है – इसका पता कैसे चला ? (4) 'सिनानो' राज्य की प्रजा किस कारण से दुःखी थी

www.UniversityQuestionPapers.com
www.UniversityQuestionPapers.com

निम्नलिखित में से किसी एक लोककथा का सारांश एक सौ पचास शब्दों में लिखिए : (3)

(1) हंस और कौआ । (2) काठ के जूते ।

5\. (ट) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं तीन मुहावरों का हिंदी में अर्थ लिखकर उन मुहावरों का अपने अर्थपूर्ण वाक्यों में प्रयोग कीजिए । प्रत्येक मुहावरे के लिए अलग-अलग वाक्य हो । प्रयुक्त मुहावरों को अधोरेखांकित कीजिए : (3)

(1) दूध में मक्खी पड़ना । (2) खाने के लाले पड़ना । (3) जान निछावर करना ।

(4) नाम रोशन करना । (5) अपने पैरों पर खड़ा होना ।

(ठ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों को कोष्टक में दी गई सूचना के अनुसार काल परिवर्तन करके फिर से लिखिए : (3)

(1) उनके आशीर्वाद आज भी हमें मिलते हैं । (अपूर्ण वर्तमानकाल)

(2) आप आ जाते हैं, बड़ी दया करते हैं । (सामान्य भूतकाल)

(3) सभ्य समाज इसे मनुष्य नहीं मानता । (सामान्य भविष्यकाल)

(4) मैला कुर्ता अपने जीर्ण होने की शहादत देता है । (अपूर्ण भूतकाल)

(ड) निम्नलिखित अव्ययों में से किन्हीं दो का अव्यय के रूप में ही सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए । प्रत्येक अव्यय के लिए एक स्वतंत्र वाक्य लिखिए । प्रयुक्त अव्यय को रेखांकित कीजिए : (2)

(1) पास; (2) हौले-हौले; (3) काश !

(ढ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके पूर्ण शुद्ध वाक्य लिखिए : (2)

(1) बड़ी उत्साह से वह ने स्वागत किया । (2) उनका आवाज सुनते ही मगनसिंह बाहर को निकल आया ।

(3) मैं भारत को प्रेम किया हैं ।

6\. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 150 से 200 शब्दों तक निबंध लिखिए : (8)

(1) नशीली चीजें एक अभिशाप; (2) भ्रष्टाचार; (3) वृक्ष की आत्मकथा; (4) नदी के किनारे एक घण्टा ।

7\. (त) निम्नलिखित पत्र का प्रारूप (नमूना) तैयार कीजिए : (5)

दुर्गा / दुर्गेश सावंत, 42, शास्त्री पथ, यवतमाळ से अपने विभाग के महाराष्ट्र राज्य विद्युत मंडल के उप-अभियंता को इस महीने का बिजली का बिल कुछ अधिक रकम का आने के कारण शिकायती - पत्र लिखती / लिखता है ।

**अथवा**

35, गांधी चौक सातारा से जयवंत / जया पुंडे, प्रधानाध्यापक, नेताजी विद्यालय, राजपथ, सातारा को बड़ी बहन के विवाह के लिए पाँच दिनों की छुट्टी के लिए आवेदन - पत्र लिखता / लिखती हैं ।

(थ) निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखिए । उसे उचित शीर्षक दीजिए । कहानी से प्राप्त होनेवाली सीख भी लिखिए : (5)

दो पड़ोसी स्त्रियाँ - एक निःसंतान - एक संतानवाली - निःसंतान स्त्री का ईर्ष्या करना - बच्चे की माँ का बाहर जाना - बच्चे को चुराना - बच्चे के लिए झगड़ा - न्यायालय में दोनो द्वारा उसे अपना पुत्र बताना - न्यायाधीश का बच्चे के दो टुकड़े कर बाँटने को कहना - निःसंतान स्त्री की चुप्पी - सच्ची माता द्वारा बच्चे के टुकड़े न करने और उसे निःसंतान स्त्री को सौंपने की प्रार्थना - न्याधीश का फैसला - असली माँ को बच्चा सौंपना । **अथवा**

नूतन विद्यालय, रायगढ में मनाए गए हिंदी दिवस (14 सितंबर) समारोह का रोचक वृत्तांत अपनी भाषा में लिखिए । वृत्तांत में स्थल, काल, घटनाक्रम आदि का उल्लेख अवश्य कीजिए ।

8\. निम्नलिखित गद्यखंड के आधारपर उसके नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए : (4)

विधाता ने हमें दसेंद्रिय दिए हैं । यह मानव को ईश्वर की बड़ी देन है । हमें ईश्वर ने दो आँखे, दो कान, दो हाथ, दो पैर और एक मुँह दिया है । इन इंद्रियों से ही मनुष्य सामर्थ्यशाली बना है । विधाता का हमें दो आँखे देने का मतलब यही है कि शत्रु और मित्र को देखने की हमारी दृष्टि समान है । दो कान इसलिए दिए हैं कि एक कान से अच्छाई सुनें और दुसरे कान से बुराई छोड़ दें । दो हाथ इसलिए दिए है कि वह एक हाथ से ले और दूसरे हाथ से बाँटता रहे । दो पैर इसलिए दिए हैं की, हम कदम-कदम मिलाते हुए देश की ताकत बढ़ाएँ । विधाता ने हमें एक ही मुँह दिया है, इसका कारण क्या है ? इसलिए कि वह एकवचनी हो । देश के लिए वचनबद्ध हो ।

प्रश्न :

(1) ईश्वर की सबसे बड़ी देन क्या है ? (2) ईश्वर ने हमें दो हाथ किसलिए दिए हैं ?

(3) शत्रु और मित्र की ओर हमारी दृष्टि कैसी हो ? (4) उपर्युक्त गद्यखंड के लिए उचित शीर्षक दीजिए ।

www.UniversityQuestionPapers.com